## बढ़ती महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**निवाली (इंदौर समाचार)।** नगर निवाली में बढ़ती महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निवाली द्वारा बुधवार को तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आम नागरिकों के बिगड़ते घरेलू बजट तथा रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त की गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि चीनी, आटा, पेट्रोल, गैस, प्याज सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। महंगाई का सीधा असर आम परिवारों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है, जिससे लोगों के लिए घर का खर्च चलाना मुश्किल होता जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से आवश्यक खाद्य सामग्री की कीमतों पर नियंत्रण करने, पेट्रोल-डीजल एवं गैस की बढ़ती कीमतों से आम जनता को राहत देने तथा महंगाई पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो आम नागरिकों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सलीम खत्री, जिला पंचायत प्रतिनिधि रमेश चौहान, धरमसिंह खरते, शेखर शर्मा, अशोक राठौड़, पवन बंसल, संतोष धनगर, लक्ष्मण सेनानी, फरीद खान, प्रदीप सेनानी, दीपक निंगवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन का वाचन पवन बंसल द्वारा किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने शासन से जनहित में महंगाई को नियंत्रित करने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

## नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ विद्यार्थियों ने लिया व्यसन से दूर रहने का संदेश



**मनासा।** नशा मुक्त समाज के निर्माण एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकीकृत शाला हाई स्कूल चुकनी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मनासा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था मनासा केशव आदर्श सामाजिक संस्था, ब्रह्माकुमारी मनासा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चुकनी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं संस्कारयुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि धीरज ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्हें नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, कौशल एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। ब्रह्माकुमारी संस्था मनासा की शीतल दीदी ने नशा मुक्ति एवं एकाग्रता विषय पर मार्गदर्शन देते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मअनुशासन, योग-ध्यान एवं अच्छे संस्कार अपनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि एकाग्र मन ही सफलता का आधार है। विद्यार्थियों को मोबाइल, गलत संगति एवं नशे जैसी बुरी आदतों से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने नशा मुक्त भारत की शपथ लेकर व्यसन से दूर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य पुष्पराज मसीह, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष दिलीप पाटीदार सहित शिक्षकगण, समिति सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संचालन शिक्षिका रेखा साहानी ने किया।

## स्वावलंबन के सन्देश के साथ स्नेह में मना रक्षाबंधन



**नागदा जं. निप्र।** दिव्यांगता के क्षेत्र में राष्ट्र की सर्वश्रेष्ठ संस्था के रूप में सम्मानित तथा लायंस क्लब नागदा की स्थायी परियोजना स्नेह में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने स्वयं द्वारा तैयार की गई कलात्मक राखियों को एक-दूसरे को बांधकर भाई-बहन के प्रेम का पावन पर्व मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी रंजना पाटीदार, समाजसेवी शरद जैन गबूल, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान, मुकेश जैन, लायन विनय राज शर्मा, लायन वीरेंद्र मालपानी, लायन सलीम खान, लायन रोहित प्रजापत, लायन आनंदीलाल गगरानी, लायन मनोहरलाल शर्मा एवं लायन प्रतीक माहेश्वरी ने किया। संस्था संस्थापक डॉ. पंकज मारू ने बताया कि स्नेह में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सतत् व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें उन्हें विभिन्न कलात्मक उत्पादों के निर्माण का कौशल प्रदान किया जाता है। इसी प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों ने इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व हेतु दो माह पूर्व से ही रंग-बिरंगी और कलात्मक राखियों का निर्माण कर शहर के प्रमुख विद्यालयों में स्टॉल्स के माध्यम से विक्रय किया गया, जिससे बच्चों में न केवल आत्मविश्वास बल्कि आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में भी सार्थक परिणाम प्राप्त हुआ। स्नेह द्वारा निर्मित इन विशेष राखियों को महामहिम राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित सेनिको एवं देश की अनेक प्रमुख हस्तियों को प्रेषित कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दी गईं। सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स तथा लायंस सदस्यों के माध्यम से भी देश-विदेश में भी इन राखियों की बिक्री की गई, जिससे संस्था की सोच और प्रयासों को वैश्विक पहचान प्राप्त हुई। रक्षाबंधन के मुख्य आयोजन में स्नेह के लायंस हॉल को राजस्थानी थीम में सजाया गया, जिसमें बच्चों और विशेष शिक्षकों

# नीमच-मनासा-रामपुरा-झालावाड़ फोरलेन को कैबिनेट की मंजूरी, क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई रफ्तार : विधायक मारू

**मनासा।**

नीमच-मनासा-रामपुरा-झालावाड़ फोरलेन मार्ग के निर्माण को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने पत्रकारों से रूबरू होकर परियोजना की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि करीब 3900 करोड़ रुपये की लागत से 95.85 किलोमीटर लंबे इस महत्वपूर्ण मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने इस परियोजना को मनासा विधानसभा सहित पूरे क्षेत्र के विकास के लिए बड़ी सौगात बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। विधायक मारू ने बताया कि इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना की स्वीकृति से नीमच, मनासा, रामपुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क सुविधा और मजबूत कनेक्टिविटी का मार्ग प्रशस्त होगा। क्षेत्रवासी लंबे समय से इस मार्ग के बेहतर निर्माण और मजबूत सड़क संपर्क की मांग कर रहे थे। फोरलेन मार्ग बनने से मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच सड़क संपर्क मजबूत होगा तथा अंतरराज्यीय आवागमन को भी नई गति मिलेगी। फोरलेन मार्ग का सीधा लाभ क्षेत्र के किसानों को मिलेगा। किसान अपनी कृषि उपज को नीमच सहित देश के बड़े शहरों और प्रमुख मंडियों तक कम समय में पहुंचा सकेंगे। बेहतर सड़क सुविधा से परिवहन में लगने वाले समय और खर्च में कमी आने की संभावना है।

साथ ही किसानों को अपनी उपज के लिए बड़े बाजार उपलब्ध होंगे, जिससे उन्हें बेहतर दाम मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि नीमच-मनासा-रामपुरा होते हुए झालावाड़ तक बेहतर सड़क संपर्क बनने से मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी। क्षेत्र के व्यापारियों को नए बाजारों तक पहुंच बनाने में सुविधा मिलेगी। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार, कृषि आधारित गतिविधियों और परिवहन क्षेत्र को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। यह परियोजना केवल आवागमन को सुगम बनाने वाली सड़क योजना नहीं है, बल्कि कृषि, व्यापार, रोजगार, परिवहन और अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। फोरलेन बनने से क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं पैदा होंगी और आने वाले समय में इसका व्यापक लाभ आमजन, किसानों एवं व्यापारियों को मिलेगा।



### सरकारी जमीनों की रजिस्ट्री और फर्जी नामांतरण का मामला विधानसभा में उठाऊंगा

राजस्व विभाग मनासा में सरकारी जमीनों की कथित रूप से रजिस्ट्री कराने और फर्जी तरीके से जमीनों का नामांतरण किए जाने का मामला अब विधानसभा तक पहुंचने के संकेत हैं। पत्रकारों द्वारा विधायक माधव मारू से राजस्व विभाग मनासा में भ्रष्ट पटवारियों द्वारा सरकारी जमीनों की रजिस्ट्री तथा फर्जी तरीके से जमीनों का नामांतरण करवाए जाने को लेकर सवाल किया गया। इस पर विधायक मारू ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे मामलों में संबंधित विभाग के ही कुछ अधिकारी भ्रष्ट पटवारियों को बचाने में लगे हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी अधिकारी या कर्मचारी इस मामले में दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों की सुरक्षा और राजस्व अभिलेखों में पारदर्शिता बेहद महत्वपूर्ण है। यदि विभागीय स्तर पर मामले का उचित निराकरण नहीं होता है तो वे इस गंभीर मुद्दे को मध्यप्रदेश विधानसभा में उठाएंगे, ताकि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो सके और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस बयान के बाद राजस्व विभाग में सरकारी जमीनों की कथित रजिस्ट्री और फर्जी नामांतरण के मामलों को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। अब लोगों की नजर इस बात पर है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और विधानसभा में मुद्दा उठाए जाने के बाद इसकी जांच किस स्तर तक पहुंचती है।

## राखी का धागा, सुरक्षा का वादा : छात्राओं को पुलिस ने दिलाया भरोसा

### सृजन संवाद योजना के तहत कोठी स्कूल में हुआ जन सुरक्षा युवा संवाद कार्यक्रम

**नीमच।** मध्यप्रदेश पुलिस एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय तथा यूएनएफपीए के सहयोग से संचालित 'सृजन संवाद योजना' के तहत गुरुवार को शासकीय रानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला (कोठी स्कूल) नीमच में 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' अंतर्गत 'राखी का धागा, सुरक्षा का वादा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर सुरक्षा और विश्वास का संदेश दिया। कार्यक्रम के मु2य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सृजन संवाद योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता, जि6मेदार नागरिकता, सुरक्षा के प्रति समझ तथा न्याय तक पहुंच की जानकारी विकसित करना है। उन्होंने छात्राओं को संविधान, उनके अधिकारों, पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षित समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। एसपी श्री व्यास ने बताया



कि योजना के अंतर्गत शिक्षकों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष व्या2यान आयोजित किए जाएंगे। साथ ही छात्राओं को पुलिस थानों का भ्रमण कराकर एफआईआर प्रक्रिया, साइबर अपराध, महिला अपराधों से संबंधित कानून तथा 112 आपातकालीन सेवा की कार्यप्रणाली से भी परिचित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे स्वयं के साथ समाज व राष्ट्र के प्रति अधिक जि6मेदार भूमिका निभा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास सहित उपस्थित पुलिस अधिकारियों को राखी बांधी और उनसे सुरक्षा का वचन लिया। इस अवसर पर छात्राओं को शैक्षणिक फोल्डर भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा निकीता सिंह, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक दिव्या चन्द्रवंशी, रक्षित निरीक्षक विक्रम सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक विजय सागरिया, उप निरीक्षक राखी सैंगर, विद्यालय प्राचार्य बालकिशन बनोधा सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी सं2या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



## रक्षाबंधन को लेकर सजे बाजार, राखियों और उपहारों की खरीदारी ने बढ़ाई रौनक

**नागदा जं. निप्र।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास के प्रतीक पवित्र पर्व रक्षाबंधन को लेकर शहर में उत्साह का वातावरण है। शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर गुरुवार को शहर के प्रमुख बाजारों में दिनभर अच्छी खासी चहल-पहल रही। रक्षाबंधन की तैयारियों में जुटी बहनें अपने भाइयों के लिए सुंदर एवं आकर्षक राखियों के साथ पूजन सामग्री और मिठाइयों की खरीदारी करती नजर आईं। वहीं भाई भी अपनी बहनों के लिए उपहार खरीदने में व्यस्त रहे।

रक्षाबंधन को लेकर शहर के जवाहर मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग सहित अन्य प्रमुख बाजारों में विशेष रौनक देखने को मिली। राखी पर्व को ध्यान में रखते हुए दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बाजार में विभिन्न प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं, जिनमें पारंपरिक राखियों के साथ बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर, धार्मिक प्रतीकों तथा आकर्षक डिजाइन वाली राखियां विशेष रूप से पसंद की जा रही हैं। बहनों द्वारा अपनी पसंद और भाइयों की पसंद के अनुसार राखियों की खरीदारी की जा रही है।

### उपहारों की दुकानों पर भी आकर्षण

रक्षाबंधन पर राखी बांधने के साथ बहनों को उपहार देने की परंपरा को देखते हुए कपड़े, ज्वेलरी, घड़ियां, पर्स, कॉस्मेटिक सामग्री सहित विभिन्न प्रकार के उपहारों की दुकानों पर भी खरीदारी का दौर जारी रहा। भाई अपनी बहनों की पसंद को ध्यान में रखते हुए उपहारों का चयन करते दिखाई दिए। वहीं कई बहनें भी अपने भाइयों के लिए पसंदीदा मिठाइयां और अन्य सामग्री खरीदती नजर आईं। शहर के बाजारों में मिठाई की दुकानों पर भी विशेष तैयारियां की गई हैं। रक्षाबंधन को देखते हुए दुकानदारों द्वारा विभिन्न प्रकार की मिठाइयां तैयार की गई हैं। ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए मिठाइयों की आकर्षक पैकिंग भी की गई है, ताकि लोग अपने भाई-बहनों और रिश्तेदारों के लिए मिठाई के विशेष पैकेट ले जा सकें। रक्षाबंधन के अवसर पर परिवारों के साथ बाहर भोजन करने के चलन को देखते हुए शहर के रेस्टोरेंट एवं खान-पान से जुड़े प्रतिष्ठानों में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। कई रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यंजन एवं ऑफर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। परिवार के साथ भोजन करने आने वाले ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं भी रखी गई हैं।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन, फीकी चाय पिलाकर जताया विरोध

### चुटकी भर शक्कर बांटकर बढ़ती कीमतों पर कसा तंज, सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर बुलंद की आवाज

**मनासा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी नीमच के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनासा के नेतृत्व में गुरुवार को बढ़ती महंगाई के खिलाफ अनूठे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में रैली निकालकर आमजन और दुकानदारों को फीकी चाय पिलाई तथा चुटकी भर शक्कर बांटकर सरकार की महंगाई नीति पर तंज कसा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आमजन भी शामिल हुए। विरोध



प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथ ठेले पर गैस टंकी और चूल्हे को माला पहनाई तथा 'फीकी चाय की दुकान' का बैनर लगाकर रैली निकाली। रैली के दौरान बिना शक्कर की चाय लोगों को पिलाई गई। वहीं आमजन को चुटकी भर शक्कर देते हुए ÷इतनी ही मिठास बची है÷ जैसे नारों के माध्यम से बढ़ती शक्कर की कीमतों और महंगाई पर व्यंग्य किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है। शक्कर, खाद्य तेल, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, बिजली सहित रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के बढ़ते दामों से आमजन परेशान है। सरकार को जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महंगाई पर तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन की समस्याओं को मजबूती से उठाने और सरकार को जनहित में ठोस कदम उठाने के लिए मजबूर करने की बात कही। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी, मंडलम एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस तथा विभिन्न कांग्रेस प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता भी रही।

### महंगाई की मार से जनता बेहाल, सरकार बेखबर

# गैस, शक्कर, पेट्रोल और बिजली बिल को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

**नागदा जं. निप्र।** गैस सिलेंडर एवं शक्कर के बढ़ते दाम, एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति बंद कर पेट्रोल की कीमतें कम करने तथा बढ़ते बिजली बिलों के विरोध में शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नागदा द्वारा गुरुवार को पुराने बस स्टैंड पर जिलाध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार तथा पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ तख्तिया, झण्डे लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता/पदाधिकारियों ने पुराने बस स्टेण्ड से जवाहर मार्ग, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग से होते हुए रामसहाय मार्ग तक पहुंचे तथा रास्ते भर आमजनता, माता, बहनो तथा व्यापारी बंधुओं से बढती महंगाई के खिलाफ उनसे संवाद तक ध्यान आकर्षित किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों को थोड़ी-थोड़ी शक्कर वितरित कर बढ़ती महंगाई पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया तथा जिला पंचायत सदस्य राधा मालवीय और युकां विधानसभा अध्यक्ष विरमसिंह गुर्जर ने बढती महंगाई पर आमजनता का ध्यान आकर्षित करने हेतु राखी का एक संवाद नाटय प्रस्तुत कर महंगाई के मुद्दे पर बहनों पर पड रहे प्रभाव को दर्शाया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार ने कहा कि शक्कर जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तु के दाम बढ़ने से आम परिवारों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। गरीब, मध्यमवर्गीय एवं श्रमिक परिवार पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे हैं। आम आदमी की रसोई से जुड़ी वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे परिवारों का बजट बिगड़ रहा



है परंतु सरकार इस ओर ध्यान नही दे रही है।

पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने कहा कि वर्ष 2014 में मोदी जी ने नारा दिया था बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार भाजपा सरकार देश की जनता ने महंगाई तथा अन्य मुद्दों को लेकर केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाई थी सरकार बनने के बाद इन 12 वर्षों में देश के सामान्य भाजपा कार्यकर्ता से लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी महंगाई को लेकर एक शब्द तक नही बोलते है जब महंगाई की चर्चा होती है तो धर्म और राष्ट्रवाद की बात होती है अब जनता की आंखों से धर्म का उडाया चोला खुल रहा है। जेन-जी और किसानों तथा राहुल गांधी जी ने मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ लडाई लडकर जनता के डर को दुर किया है अब जनता अपने हक, अधिकार की लडाई के लिए उठ खडी हो रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता बस स्टेण्ड स्थित हिम्मत पेट्रोल पंप पर पहुंचे और वहां एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर आम वाहन चालकों से संवाद किया। कार्यकर्ताओं ने वाहन चालकों को ई-20 पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण के संबंध में जानकारी देते हुए इसके उपयोग को लेकर सामने आ रही चिंताओं से अवगत कराया। इस दौरान पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को लेकर भी आम लोगों से सवाल किए गए।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ते बिजली बिलों एवं उपभोक्ताओं पर आ रहे अधिक राशि के बिलों को लेकर विद्युत कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अनेक उपभोक्ता बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर परेशान हैं तथा बिलों की राशि उनकी आर्थिक क्षमता से बाहर होती जा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस एजेंसी पहुंचकर घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि रसोई गैस की कीमत बढ़ने का सीधा असर गृहणियों और आम परिवारों के घरेलू बजट पर पड़ता है। गैस सिलेंडर महंगा होने से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की परेशानी बढ़ रही है।

पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने कहा कि सरकार ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन तो दिए, लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण अनेक परिवारों के लिए सिलेंडर भरवाना मुश्किल होता जा रहा है। विधायक महेश परमार ने कहा कि रसोई गैस सीधे प्रत्येक परिवार की जरूरत से जुड़ी है। सरकार को महिलाओं और आम परिवारों की परेशानी को देखते हुए गैस सिलेंडर सस्ती दर पर उपलब्ध कराना चाहिए।